# मधुर सरप्राइज़™ २०२६
# के विषय में जानकारी

## सामान्य जानकारी

- मैं मधुर सरप्राइज़ में किस प्रकार भाग ले सकता हूँ?
- क्या पंजीकरण आवश्यक है?
- मैं सिद्धयोग ऑनलाइन अकाउन्ट कैसे बनाऊँ?
- मधुर सरप्राइज़ किन-किन भाषाओं में उपलब्ध है?
- यदि मैं सीधा प्रसारण आरम्भ होने के बाद जुड़ता हूँ तो उस परिस्थिति में क्या होगा?

## तकनीकी जानकारी

- मैं यह कैसे सुनिश्चित कर सकता हूँ कि मेरा कम्प्यूटर सीधा प्रसारण चलाने के लिए उपयुक्त है?
- क्या वेब ब्राउज़र और इन्टरनेट स्पीड से जुड़े कुछ सुझाव हैं?
- प्लेअर पर दिखने वाला टाइमर चल रहा है, पर मुझे कुछ आवाज़ सुनाई नहीं दे रही। मुझे क्या करना चाहिए?
- यदि सीधा प्रसारण शुरू न हो या रुक-रुककर चल रहा हो तो मुझे क्या करना चाहिए?
- वीडिओ में दिखने वाली तस्वीरें या अन्य सामग्री की विज़्युअल क्वॉलिटी [visual quality] मैं कैसे बदल सकता हूँ?

## सामान्य जानकारी

### मैं मधुर सरप्राइज़ में किस प्रकार भाग ले सकता हूँ?

गुरुवार, १ जनवरी, २०२६ को श्री मुक्तानन्द आश्रम से सीधे वीडिओ प्रसारण द्वारा मधुर सरप्राइज़ आयोजित होगा। सीधा वीडिओ प्रसारण न्यूयॉर्क समयानुसार सुबह १०:०० बजे और भारतीय समयानुसार शाम ८:३० बजे आरम्भ होगा।

आप सिद्धयोग पथ की वेबसाइट के माध्यम से मधुर सरप्राइज़ में भाग ले सकते हैं या किसी सिद्धयोग आश्रम, ध्यान-केन्द्र या इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहे नज़दीकी संकीर्तन एवं ध्यान-केन्द्र पर भाग ले सकते हैं।

### क्या पंजीकरण आवश्यक है?

नहीं, इस कार्यक्रम के लिए पंजीकरण आवश्यक नहीं है। इसमें भाग लेने के लिए आपको सिद्धयोग पथ की वेबसाइट पर अपने सिद्धयोग ऑनलाइन अकाउन्ट पर साइन इन [Sign In] करना आवश्यक है।

### मैं सिद्धयोग ऑनलाइन अकाउन्ट कैसे बनाऊँ?

यदि आपका सिद्धयोग ऑनलाइन अकाउन्ट नहीं है तो अंग्रेज़ी पृष्ठ पर उससे सम्बन्धित लिंक पर क्लिक करें और फिर “create a new account” की लिंक पर क्लिक करें। आप सिद्धयोग पथ की वेबसाइट पर सबसे ऊपर दाहिने कोने में लिखे साइन-इन [Sign In] पर भी क्लिक कर सकते हैं।

- आपके ई-मेल पते पर एक ई-मेल भेजा जाएगा जिसमें यह निवेदन किया जाएगा कि आप अपना नया अकाउन्ट निश्चित [validate] करें। कृपया कार्यक्रम से पहले ही अपना नया अकाउन्ट बना लें।

### मधुर सरप्राइज़ किन-किन भाषाओं में उपलब्ध है?

यह सत्संग सिद्धयोग पथ की वेबसाइट पर अंग्रेज़ी भाषा में उपलब्ध रहेगा और साथ ही फ़्रेन्च, हिन्दी, इटालियन व स्पैनिश भाषाओं में वॉइस-ओवर अनुवाद सहित उपलब्ध रहेगा।

### यदि मैं सीधा प्रसारण आरम्भ होने के बाद जुड़ता हूँ तो उस परिस्थिति में क्या होगा?

यदि आप सीधा प्रसारण आरम्भ होने के बाद जुड़ते हैं तो आप बाक़ी के मधुर सरप्राइज़ में भाग ले सकते हैं। सीधे प्रसारण का जो भाग बीत चुका है, उसे आप पीछे जाकर [rewind करके] दोबारा नहीं देख सकते।

## तकनीकी जानकारी

### मैं यह कैसे सुनिश्चित कर सकता हूँ कि मेरा कम्प्यूटर सीधा प्रसारण चलाने के लिए उपयुक्त है?

सीधा प्रसारण चलाने के लिए आप अपने उपकरण को निम्न तरीक़ों से तैयार कर सकते हैं :

- सुनिश्चित करें कि आप जिस ब्राउज़र का उपयोग कर रहे हैं, वह सबसे आधुनिक [latest version] है।
- सुनिश्चित करें कि आपके कम्प्यूटर पर कोई सॉफ़्टवेयर अपडेट [software updates] बाक़ी नहीं हैं।
- देखें कि आपकी इन्टरनेट स्पीड ठीक है।
- सुनिश्चित करें कि सीधा प्रसारण शुरू होने से पहले आपके कम्प्यूटर या उपकरण पर अन्य ऐप्लिकेशन बन्द हैं, जैसे कि स्काइप, सॉफ़्टवेयर अपडेट्स, अन्य ब्राउज़र की विन्डो इत्यादि।
- सुनिश्चित करें कि आपका सिद्धयोग ऑनलाइन अकाउन्ट है और आपने सीधा प्रसारण शुरू होने से पहले लॉग-इन कर लिया है।
- नीचे दी गई पूरी जानकारी को एक बार पुनः देखें। अधिक तकनीकी सहायता के लिए, तकनीकी जानकारी [Technical Information] देखें।

### क्या वेब ब्राउज़र और इन्टरनेट स्पीड से जुड़े कुछ सुझाव हैं?

हमारी सलाह है कि आप गूगल क्रोम व फ़ायरफ़ॉक्स [Google Chrome and Firefox] इन्टरनेट ब्राउज़र का उपयोग करें। इन्टरनेट स्पीड कम-से-कम 4 Mbps होनी चाहिए। यदि इन्टरनेट स्पीड कम है तो आप भाग लेते समय कम रिज़ॉल्यूशन [lower resolution] या कम गुणवत्ता वाला वीडिओ देख पाएँगे, और हो सकता है सीधा प्रसारण रुक-रुककर चले।

### प्लेअर पर दिखने वाला टाइमर चल रहा है, पर मुझे कुछ आवाज़ सुनाई नहीं दे रही। मुझे क्या करना चाहिए?

जाँच लें कि स्पीकर्स चालू हैं और वॉल्यूम अप [आवाज़ तेज़] है। यह भी जाँच लें कि आपके कम्प्यूटर या मोबाइल में ऑडिओ सेटिंग्स् बन्द [mute] न हों।

### यदि सीधा प्रसारण शुरू न हो या रुक-रुककर चल रहा हो तो मुझे क्या करना चाहिए?

आप नीचे बताए गए बटन दबाकर अपने ब्राउज़र को रिफ़्रेश [refresh] कर सकते हैं :

- यदि आपके पास माइक्रोसॉफ़्ट विन्डोज़ [Microsoft Windows] कम्प्यूटर है तो F5 दबाएँ।
- यदि आपके पास ऍप्पल [Apple] कम्प्यूटर है तो Cmd+R दबाएँ।

### वीडिओ में दिखने वाली तस्वीरें या अन्य सामग्री की विज़्युअल क्वॉलिटी [visual quality] मैं कैसे बदल सकता हूँ?

सीधे प्रसारण की विज़्युअल क्वॉलिटी या गुणवत्ता, आपकी इन्टरनेट स्पीड के अनुसार अपने आप बदल जाएगी। फिर भी, यदि आप चाहते हैं तो विज़्युअल क्वॉलिटी को बदलने के लिए, प्लेअर के नीचे दायीं ओर सेटिंग्स् [settings] चिह्न (✿) पर क्लिक करें। यदि चित्र ठीक से नहीं आ रहे हैं तो हायर रिज़ॉल्यूशन [higher resolution] को चुनें। यदि सीधा प्रसारण ठीक से लोड [load] नहीं हो रहा हो या बन्द हो रहा हो तो कम रिज़ॉल्यूशन [lower resolution] को चुनें।

© २०२५ एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।